# <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

## हिन्दुस्तान कॉलेज में टी–20 क्रिकेट प्रतियोगिता

शारदा ग्रुप के प्रतिष्ठित संस्थान हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी में हिन्दुस्तान प्रीमियर लीग (HPL) टी–20 प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ ।

कॉलेज के शारीरिक शिक्षा निदेशक डॉ. राजेश कहरवार ने बताया कि हिन्दुस्तान प्रीमियर लीग (HPL) में विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों की चयनित 15 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता नाक–आउट बेस पर खेली जायेगी।

आज दो मैच खेले गये जिसमें पहला मैच इनविन्शिबल यूनाईटेड और अल्फा पाइरेट्स के मध्य खेला गया। इनविन्शिबल यूनाईटेड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवर में 123 रनों का लक्ष्य दिया जिसे अल्फा पाईरेटस ने 14.3 ओवर में 124 रन बनाकर टीम को विजयी बनाया।

अल्फा पाइरेटस ने 5 विकेट खोकर ही 124 रनों के लक्ष्य को 14.3 ओवर में जीत लिया। विजेता टीम की ओर से प्रेम 28 रन, नरेन्द्र ने 22 रन और देवेन्द्र ने 20 रनों का योगदान दिया। वहीं विजेता टीम को बोलरों ने प्रतिद्वन्दी टीम के खिलाड़ियों को एक के बाद एक पवेलियन भेजा जिसमें दिव्यांश ने 4 ओवर में 3 विकेट शिवम ने 3 ओवर में 3 विकेट और मयंक ने दो विकेट लिये। वहीं पराजित टीम की ओर से युवराज यादव ने 24 रन, दीपक ने 26 रन और सौरव ने 12 रनों का योगदान दिया।

दूसरा मैच ए.ई.सी. और मैच फिक्सरस की टीम के मध्य खेला गया। मैच फिक्सरस की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्ण लिया। इस मैच में मैच फिक्सरस की टीम 12 ओवर में 70 रन बनाकर ऑल आउट हो गई वहीं ए.ई.सी. की टीम ने 7.4 ओवर में 70 रनों के लक्ष्य को पूरा कर लिया और अपनी टीम को अगले दौर के लिए प्रवेश दिलाया। ए.ई.सी. की टीम की ओर से गेंदबाजों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें आसिफ ने तीन ओवर में 3 विकेट चन्दन और शास्वत ने 2 ओवर में 2 विकेट लेकर अपनी टीम के लिये जीत में योगदान दिया।

आज के मैचों के निर्णायक दीपक कुमार, अक्षय आनन्द सिंह आशीष कुमार, शुभम कुशवाह, प्रज्जवल और सौरभ सिंह, आकाश शर्मा रहा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. वी.के.गुप्ता, श्री विजय कट्टा, श्री गुड्डू सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुये।